12 लाख के गांजा समेत 2 तस्कर गिरफ्तार

0-तस्करी में प्रयुक्त बगैर नंबर कार हुयी जब्त

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। नशीली पदार्थों पर नकेल कसने बस्तर पुलिस द्वारा निरंतर अभियान जारी है, इसी तारतम्य में स्वतंत्रता दिवस के दिन विशेष अभियान संचालित कर पुलिस को 230 किलो गांजा पकड़ने में सफलता हासिल हुई है। इस सिलसिले में दो अंतर्रागीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजे का बाजार मूल्य 12 लाख रूपए आंका गया है। एसडीओपी निमेश बरैय्या ने बताया कि एसपी आरिफ के निर्देश पर मंगलवार को थाना दरभा के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चेकपोस्ट लगाकर एमसीपी वाहन चेकिंग की कार्यवाही की जा रही थी, इसी दौरान सुकमा के ओर से आती एक सिल्वर रंग की बगैर नंबर प्लेट वाली स्विफ्ट कार को संदेहास्पद मानते हुए रोककर चेकिंग की गयी। उक्त वाहन में सवार दो व्यक्तियों शत्रुघन निषाद व तुकेश कुमार निषाद के कब्जे से 14 नग प्लास्टिक की बोरियों में रखे 230 किलो गांजा जब्त किया गया। उक्त तस्कर गांजा मलकानगिरी ओडिशा से सागर मध्यप्रदेश बिक्री हेतु ले जा रहे थे। दोनों आरोपी कांकेर के निवासी हैं।

मटकी बांधते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आया युवक, मौत

बिलासपुर,(**आरएनएस**)। जन्माष्टमी के लिये मटकी बांधते समय हाईटेंशन करंट की चपेट में आ गया। करंट की चपेट में आये युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पंचनामा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। सीपत पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कर्मा निवासी राजेश साहू पिता मनहरण साहू 20 वर्ष गांव के युवकों के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाने तैयारियों में जुटा था। युवक गांव के अटल चौक के पास मटकी फोड़ के लिये मटकी बांध रहे थे। मटकी बांधने राजेश पास की किराने की दुकान की छत पर चढ़ा था। छत पर चढ़ा युवक दुकान के सामने बने टीन के छज्जो पर आ गया और नीचे से दोस्तों के फेंके रस्सी को पकड़ने लगा। रस्सी पकड़ने के दौरान युवक को हाथ पास से गुजरे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। हाईटेंशन तार की चपेट में आये युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर सीपत पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

अवैध लकड़ी पकड़ायी, ढाबा संचालक फरार

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। बस्तर में संरक्षित वन क्षेत्र में वनों की अवैध कटाई निरंतर चल रही है और दरभा परिक्षेत्र के अंतर्गत चल रहे एक ढाबे पर छापा मारकर बीस हजार रूपए से अधिक की बीजा और सागौन की लकड़ी पकड़ी गई। लकड़ी के जब्ती होते देख ढाबा संचालक अपना ढाबा ही छोड़कर चला फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन ग्राम कामानार में चल रहे एक ढाबा में अवैध लकड़ी होने की सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग के अमले में दबिश दी और दस नग सागौन के गोले तथा 6 नग बीजा के गोले बरामद किये गये। बरामद लकड़ी का मूल्य बीसे से तीस हजार रूपए तक आंका गया है। उल्लेखनीय है कि वन विभाग की निष्क्रियता से संरक्षित वन क्षेत्र कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में लकड़ी के सौदागरों द्वारा अवैध रूप से लकड़ी कटवाई जाती है और विभिन्न तरीकों से इसे फर्नीचर बनाने के लिए यहां लाया जाता है। यह सिलसिला संरक्षित वन क्षेत्र में चलता ही रहता है। प्रस्तुत प्रकरण में वन विभाग के सूत्र बताते हैं कि इस अवैध कटाई में कई लोगों को संलग्नता है जिसे पहचान कर सभी के विरूद्ध अपराध कायम कर कार्रवाई की जाएगी। इस समय इस वन क्षेत्र में वन विभाग के सूत्र बताते हैं कि काफी बढ़ी मात्रा में वनों की अवैध कटाई चल रही है। जिसे सीमित अमले तथा नक्सली प्रभाव के कारण वन विभाग पूरी तरह रोकने में नाकाम रहता है।

अपने घर में फांसी लगाकर युवती ने दी जान

रायपुर,(**आरएनएस**)। पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा में कल दोपहर एक युवती ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतिका कुमारी माधुरी पिता निरंजन सिंह 23 वर्ष निवासी मोवा ने कल दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतका ने इसी वर्ष बीकॉम फाइनल पास किया था और बैंक जॉब के लिए कोचिंग कर रही थी। कल जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर वह उपवास थी। दोपहर में जब मृतका का भाई घर लौटा तो उसने माधुरी को आवाज लाई। परिजनों ने बताया कि माधुरी अपने कमरे में आराम कर रही है। इस पर उसके भाई ने दरवाजा खटखटाया तो माधुरी ने जवाब नहीं दिया। इस पर जब उसके भाई ने रोशनदान से अंदर झांसा तो माधुरी फांसी पर लटक रही थी। तत्काल दरवाजा तोड़कर परिजन अंदर घुसे तब तक माधुरी के शरीर में हरकत हो रही थी। उसे तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां स्थिति नाजुक होने पर उसे मेकाहारा रेफर कर दिया गया। परिजन जब माधुरी को लेकर मेकाहारा पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। माधुरी के आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है, वहीं प्रकरण जांच में लिया है।

जुआ खेलते हुए सरपंच सहित 11 पकड़ाए

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। बस्तर चौकी पुलिस ने जुआ खेलते हुए सरपंच सहित 11 लोगों को पकड़ा है। इनके पास से करीब 20310 रुपए भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने ग्राम कुम्हरावंड के खंडी गुड़ापारा में दबिश दी। कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है।

बंदूक समेत 3 नक्सली पुलिस के हत्थे चढ़े

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। छत्तीसगढ़ की नारायणपुर जिला पुलिस ने दबिश देकर तीन हार्डकोर नक्सलियों को बंदूक समेत गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसपी संतोष सिंह ने बताया कि ग्राम तुमिरादी में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर एसडीओपी पंकज पटेल के निर्देशन में डीआरजी की पुलिस पार्टी ग्राम तुमिरादी की ओर रवाना की गयी थी, जिसने योजनाबद्ध तरीके से इलाके की घेराबंदी कर 03 नक्सलियों को विजय धुरवा उर्फ संजय पिता स्व0 गाण्डो राम उम्र- 27 वर्ष, जाति माड़िया, निवासी तुमिरादी (पूर्व में कंपनी नंबर-05 सदस्य वर्तमान नक्सली सहयोगी) 2. मनीराम ध्रुवा पिता सनदेर ध्रुवा, जाति माड़िया, 23 वर्ष, निवासी तुमिरादी (नक्सली सहयोगी) 3. गोरे हिचामी पिता कारू हिचामी, जाति माड़िया 30 वर्ष, निवासी तुमिरादी (नक्सली सहयोगी) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में वर्ष 2016 में गुन्दूल एवं गुमचूर के मध्य पुलिस पार्टी पर हमला एवं वर्ष 2017 में ग्राम बोगान में पुलिस पार्टी पर हमला की घटना में शामिल होना स्वीकार किया है। सिंह ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली विजय ध्रुवा को वर्ष 2006 में नागेश रावघाट एलओएस कमाण्डर द्वारा रावघाट एलओएस में शामिल किया, इस दौरान एक सप्ताह के प्रशिक्षण में हथियार चलाना सिखाया गया। वर्ष 2007 में कमाण्डर नागेश द्वारा कंपनी नंबर-05 सदस्य बनाकर भेजा गया। वर्ष 2009 तक कंपनी नंबर 05 में सदस्य के रूप में सक्रिय रूप से कार्य करने के बाद नक्सली संगठन छोड़कर घर वापस आ गया। गांव में रहकर नक्सलियों के सहयोगी के रूप में मीटिंग के लिए एकत्रित करना, गांव की मीटिंग लेकर केन्द्र व राज्य सरकार के विरूद्ध आम जनता को उकसाना, आसपास क्षेत्र में पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखना, पुलिस की आने की सूचना देना, नक्सलियों की भोजन व्यवस्था करने, सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की योजना बनाना व कार्यन्वयन करना, नक्सली संगठन का प्रचार-प्रसार करने का कार्य कर रहा था। इसी प्रकार मनीराम ध्रुवा एवं गोरे हिचामी को नक्सली कमाण्डर-कमलेश, सरिता, दीपक के द्वारा नक्सली सहयोगी के रूप में शामिल किया गया था। जो गांव में रहकर नक्सलियों के सहयोगी के रूप में मीटिंग के लिए एकत्रित करना, गांव की मीटिंग लेकर केन्द्र व राज्य सरकार के विरूद्ध आम जनता को उकसाना, आसपास क्षेत्र में पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखना, पुलिस की आने की सूचना देना, नक्सलियों की भोजन व्यवस्था करने, सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की योजना बनाना व कार्यन्वयन करना, नक्सली संगठन का प्रचार-प्रसार करने का कार्य कर रहा था। गिरफ्तार नक्सली विजय ध्रुवा की निशानदेही पर तुमिरादी पहाड़ी जंगल के पास से 1 नग भर मार बंदूक बरामद की गयी।

फर्जी दस्तावेज के सहारे बैंकों से करोड़ों का लोन लेकर फरार

आरोपयों से पूछताछ जारी, जांच के लिए भिलाई पहुंची टीम

बिलासपुर,(**आरएनएस**)। फर्जी दस्तावेज के सहारे बैंकों से करोड़ों का लोन लेकर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बैंक से दस्तावेज मांगे हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। जांच के लिये पुलिस की एक टीम भिलाई रवाना हुई है। ज्ञातव्य है कि बीते 14 अगस्त को सिटी कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को अलग अलग बैंकों में फर्जी दस्तावेज जमाकर करोड़ो रुपये लोन लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने न्यायालय से आरोपियों को पुलिस रिमांड पर मांगा था। न्यायालय से 18 अगस्त तक रिमांड मिलने के बाद पुलिस ने आज बैंकों से दस्तावेज मांगा। बैंकों ने पुलिस को दस्तावेज सौंप दिये हैं। दस्तावेज मिलने के बाद पुलिस की एक टीम आज भिलाई रवाना हुई है। पुलिस की टीम भिलाई और रायपुर में आरोपियों के ठिकानों की जांच करेगी।

रिकव्हरी के लिये जांच जारी
करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोपियों को पकड़ने के बाद पुलिस लोन की रकम कहां खर्च की गई इसकी जांच में जुटी है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर लोन से मिले रकम को जप्त करने जांच में जुटी है।

दो पुलिस अधिकारी नवाजे गये राष्ट्रपति पदक से

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। जिले के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित एरिया में पांच वर्षों से अधिक समय से लगातार कर रहे अदम्य वीरता और साहसपूर्ण कार्य करने पर 26 जनवरी 2018 को जिला बीजापुर के भैरम÷ढ़ थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट को दूसरी बार और थाना प्रभारी जांगला रामेश्वर देशमुख को पहली बार रायपुर में राज्यपाल के द्वारा राष्ट्रपति पुलिस मेडल फार गैलेंट्री आवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इन दोनों पुलिस अधिकारी ने करीब 15 पुलिस-नक्सली मुठभेड़ कर करीब 25-26 नक्सलियों को मार गिराये और कई नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इन अधिकारियों से परेशान होकर नक्सलियों द्वारा जान से मारने की कई बार योजना बनाया गया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। ये अधिकारी नक्सलियों की गीदड़ बबकियों से न डरते हुए कड़ी मेहनत और लगन से देश की सेवा कर रहे हैं।

धर्मार्थ कार्य के लिए एक लाख चंदा लेकर की धोखाधड़ी, दो के खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर,(**आरएनएस**)। धर्मार्थ काम के लिए एक लाख रूपए का चंदा लेकर गोलमाल करने वाले दो लोगों के खिलाफ पंडरी थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवा वैष्णव पिता रमेश दास वैष्णव 25 वर्ष निवासी कृष्णा नगर गली सीएसईबी कालोनी के पीछे गुढ़ियारी ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना स्थल डॉल्फिन टॉवर मोवा में आरोपी मोबाइल फोन क्रमांक 80854-10553 का धारक सौरव जैन एवं मोबाइल फोन क्रमांक 82698-41645 के धारक मनोज ने उससे फोन पर संपर्क किया। प्रार्थी द्वारा दिए गए लिखित शिकायत के अनुसार प्रार्थी अश्वनी कुमार अ÷वाल राधेमणी एंड संस में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। कुछ समय पूर्व उसकी कंपनी में एक आवेदन आया, जिसमें इंदौर-मध्यप्रदेश में धर्मार्थ कार्य के लिए 1 लाख रूपए का सहयोग राशि मांगा गया था। कंपनी के संचालक अश्वनी कुमार अग्रवाल ने अपने परिचित तुषार पटेल को इसके लिए प्रार्थी से मुलाकात करने तथा कंपनी की ओर से एक लाख रूपए सहायता राशि लेने के लिए कहा था। इस पर तुषार ने प्रार्थी से मुलाकात करने के बाद अपने परिचित के दो युवक सौरव जैन व मनोज को उक्त सहायता राशि देने के लिए कहा। इस पर प्रार्थी ने सौरव जैन व मनोज को कंपनी की ओर से एक लाख रूपए की सहायता राशि उपलब्ध करा दी। बाद में पता चला कि दोनों युवकों ने उक्त राशि का उपयोग अपने निजी खर्चे के लिए कर लिया है और उस राशि को धर्मार्थ कार्य में उपयोग नहीं किया। इस पर प्रार्थी ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने भी आरोपियों के खिलाफ धारा 420,406,34 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

महिला की चोटी कटी,परिजनों ने कराया अस्पताल में भर्ती

रायगढ,(**आरएनएस**)। हरियाणा राजस्थान और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में महिलाओं की रहस्यमयी ढंग से चोटी कटने की खबर ने देशभर के लोगों को हैरत में डाल रखा है। पुलिस की टीम अभी भी इस घटने की जांच में जुटी हुई है। इधर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में भी एक महिला की चोटी कटने की खबर सामने आई है। रायगढ़ जिले के किरोड़ीमल नगर में एक महिला की चोटी कटने की खबर से सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है घटने के बाद महिला सदमे में है। परिजनों ने उन्हें फोर्टिस अस्पताल में भर्ती किया है। इधर मौके पर पहुंची कोतरा रोड पुलिस टीम सहित क्राइम ब्रान्च की टीम ने भी जांच शुरू कर दी है।

जीएसटी के विरोध में ठेकेदारों ने निर्माण कार्य बंद किया

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। शासकीय योजनाओं में निर्माण कार्य जीएसटी के विरोध के कारण ठप्प हो गये हैं। स्थानीय पीडब्लूडी, सिंचाई, हाउसिंग बोर्ड और पीएमजीएसवाई समेत सभी निर्माण एजेंसियों से जुड़े ठेकेदारों ने 18 फीसदी जीएसटी के विरोध में काम करना बंद कर दिया है। इसके कारण शासकीय निर्माण कार्य ठप्प पड़ गये हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने कहा कि जब तक सरकार 18 फीसदी जीएसटी की भरपाई खुद करने की घोषणा नहीं करती है, तब तक काम शुरू नहीं करेगे। प्रदेश के सभी विभागों में सरकारी ठेका लेने वाले ठेकेदारों को 18 फीसदी जीएसटी देने का फरमान थमाया गया है। इस फरमान से सारे ठेकेदार आक्रोशित हैं। ठेकेदारों ने कहा है कि जब से जीएसटी गत 1 जुलाई से लागू हुई है उन्हें काम करने में परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि पुराने काम में जीएसटी लगाने कोई औचित्य नहीं है। इस टैक्स की पूरी भरपाई सरकार को ही करनी चाहिए। आगे उन्होंने कहा है कि अगर ठेकेदारों से जीएसटी की वसूली की जाएगी तो सारे ठेकेदार बर्बाद हो जाएंगे। इसके विरोध में ही ठेकेदारों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में इस समय 10 से 12 हजार करोड़ के सरकारी काम चल रहे हैं। इन सब में तालाबंदी हो गई है। काम बंद होने के कारण लाखों मजदूरों के सामने भी रोजी-रोटी का संकट आ गया है।

गोरखपुर ऑक्सीजन काण्ड में योगी की प्रशासनिक अक्षमता उजागर-जोगी

रायपुर,(**आरएनएस**)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृहक्षेत्र स्थित बीआरडी अस्पताल प्रशासन की लापरवाही ने 64 बच्चों की जान चली, कारण केवल ऑक्सीजन सप्लाई में प्रशासनिक त्रूटि एवं लापरवाही ही है जो अक्षम्य है। यह अस्पताल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्षेत्र में स्थित है। यह अति गम्भीर प्रशासनिक लापरवाही है जो भारतीय दण्ड विधान में गैरइरादतन हत्या की श्रेणी में आता है इस दर्दनाक हादसे ने योगी आदित्यनाथ की प्रशासनिक अपरिपक्वता, घोर लापरवाही एवं पंगू प्रशासन को उजार कर दिया है। जोगी कार्यालय के मीडिया प्रभारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में जोगी ने कहा कि 64 मासूम बच्चों की उत्तरप्रदेश सरकार की घोर प्रशासनिक लापरवाही के कारण हुई अकाल मृत्यु पर गहन शोक एवं दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि वर्तमान हादसे पर योगी आदित्यनाथ से नैतिकता के नाते इस्तीफे की मांग करने का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि भाजपा के अपराधिक आचरण में लिप्त नेताओं का इतिहास है कि मुश्किल से एन केन प्रकारेन प्राप्त सत्ता को हाथ से जाने नहीं देते और बेशर्मी से पदों से चिपके रहते है । जोगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की है कि इस दर्दनाक एवं गम्भीर हादसे की जांच उत्तरप्रदेश हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से करवाने का निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देंवे ताकि दूध का दूध और पानी का पानी साफ नजर आ जाये। क्योंकि उत्तरप्रदेश सरकार बेगुनाहों को फंसाकर बली का बकरा बनाते हुए अपनी गलती, प्रशासनिक अक्षमता एवं लापरवाही को छुपाने तरह तरह के बहाने गढ़ने में लगी है।

शासकीय वाहन का खुली बोली के माध्यम से 4 सितम्बर को नीलामी

सूरजपुर,(**आरएनएस**)। कलेक्टर के.सी.देव सेनापति ने बताया है कि शासकीय वाहन का खुली बोली के माध्यम से 4 सितम्बर 2017 को कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण में नीलामी किया जाना है। एम्बेसडर कार सी0जी0 02/1100 शासकीय वाहन का खुली बोली के माध्यम से पूर्व में 2 अगस्त 2017 को कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण में नीलामी किया जाना था किन्तु नीलामी प्रक्रिया में कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं होने से पुनः निष्प्रयोजित शासकीय वाहन का खुली बोली के माध्यम से 04 सितम्बर 2017 को दोपहर 2:00 बजे जिलाध्यक्ष कार्यालय के प्रां÷ण में नीलामी किया जाना है जिसका प्रापसेट प्राइज 68,000/-(अड़सठ हजार रूपये है। उक्त वाहन की नीलामी में बोली बोलने के इच्छुक व्यक्ति को 5,000/-(पांच हजार रूपये) अमानत राशि नगद नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व तक जिला कार्यालय के नाजरात शाखा में जमा करना अनिवार्य होगा।

पत्नी तथा दुधमुही बच्ची की हत्या कर पति ने लगाई फाँसी

रायगढ़,(**आरएनएस**)। 15-16 अगस्त की दरम्यानी रात थाना घरघोड़ा के ग्राम रेंगालबहरी में अत्यंत लोमहर्षक घटना क्रम में एक पति द्वारा चरित्र शंका पर अपनी दूसरी पत्नी तथा 10 माह की अबोध बालिका की हत्या कर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की घटना प्रकाश में आई है । प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रेंगालबहरी के रहने वाले शिवकुमार पिता स्वर्गीय जयराम चौहान की दो पत्नियां एक साथ एक ही घर में रहती थी तथा दोनों पत्नियों से बगचे भी थे प्रथम ब्याहता पत्नी की ओर से दो बच्चे तथा दूसरी बनाई हुई पत्नी श्रीमती लक्ष्मी चौहान उम्र 25 वर्ष से एक 10 माह की बच्ची खुशी चौहान थी । शिव कुमार चौहान के स्वयं का एक ऑटो था जो रायपुर में चलाता था रायपुर में ऑटो चलाने के दौरान ही लक्ष्मी से परिचय होने पर दूसरी पत्नी के रूप में अपने गांव रेंगालबहरी में रहकर मनिहारी सामान गांव गांव में बेचता था। लगभग 5 वर्ष पूर्व श्रीमती लक्ष्मी चौहान से परिचय होने पर बनाई हुई दूसरी पत्नी के रूप में अपने उसी घर में रहता था जहां पहली बहता पत्नी और उसके बच्चे रहते थे लक्ष्मी चौहान के माता पिता पश्चिम बंगाल में सर्विस करते हैं । लक्ष्मी को शिवकुमार की ओर से 10 माह की लड़की खुशी चौहान भी है शिवकुमार अपनी दूसरी पत्नी लक्ष्मी के ऊपर चरित्र शंका करता रहता था । एक बार लक्ष्मी चौहान घर से चली गई थी जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना घरघोड़ा में हुई थी जिसमें कई दिनों बाद लक्ष्मी मिली थी लेकिन कोई संतोष जनक जवाब न देने के बाद से शंका और बढ़ गई थी पिछले 8-10 दिन पहले भी लक्ष्मी अपनी बेटी खुशी के साथ कहीं चली गई थी जिसकी तलाश शिवकुमार कर रहा था दिनांक 14.08.2017 को अपने ऑटो क्रंमाक सीजी 04 एचवाय 6270 का सेल्फ ठीक करवाने रायगढ़ तरफ आया था जो 15-16 अगस्त की दरम्यानी रात लगभग 1:30 बजे अपनी ब्याहता पत्नी श्रीमती सरनवती चौहान के पास जाकर लेटा और थोड़ी देर बाद ही उठकर सीने पर बैठ गया और गला दबाने लगा बोला सबको मार दूंगा लक्ष्मी व खुशी को मारकर ऑटो में रखा हूं,सरनवती के द्वारा चिगाने पर बच्चे, सास,बहन, भाई जाग गए तब शिवकुमार गमछा लेकर भाग गया बाद में पता चला कि गांव के बाहर शिव कुमार चौहान ने नीम के पेड़ में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या भी कर ली है। घटना की रिपोर्ट शिवकुमार चौहान के छोटे भाई सुनील कुमार चौहान के द्वारा कोटवार के साथ थाना घरघोड़ा में जाकर की गई जिस पर से क्रमशः मर्ग क्रमांक 47,48,48/17 धारा 174 जा.फौ. तथा अप.क्र. 139/17 धारा 302,201 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । सूचना मिलते ही थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अरुण नेताम मौके पर पहुंचे तथा अनुसंधान प्रारंभ किया अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धरमजयगढ़ श्रीमती नेहा वर्मा तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉक्टर आरके पर आर के पैकरा भी घटनास्थल पहुंच पर हैं ।

बारूदी धमाके में एक जवान घायल, मौके से एक नक्सली गिरफ्तार

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। छत्तीसगढ़ की बीजापुर जिला पुलिस ने पुलिस पार्टी पर निशाना साध बारूदी सुरंग विस्फोट कर भागते हुए एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। विस्फोट में एक जवान भी मामूली रूप से जख्मी हुआ है। बीजापुर एसपी केएल ध्रुव ने बताया कि ग्राम पुसनार, हिरोली, कुरूस, के जंगल पहाड़ों के नक्सल गश्त सर्चिंग पर रवाना हुई थी। वापसी के समय ग्राम पुसनार के पास कुछ संदेही दिखाई दिये जिसे घेराबंदी करने के दौरान, पूर्व से घात लगाये बैठे नक्सलियों द्वारा आईईडी विस्फोट किया गया, जिसमें एसटीएफ का एक आरक्षक पैर में चोट लगने से घायल हो गया, घायल जवान को तत्काल मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया। घेराबंदी करते हुये पुलिस बल द्वारा मौके से विस्फोट कर भागते हुये एक नक्सल आरोपी को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम बारसे बिज्जा, पिता हुंगा उम्र 19 वर्ष, साकिन हिरोली नुगेपारा बताया।

स्वाइन फ्लू का संदेह, एक छात्र रायपुर रेफर

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। किरंदुल में स्वाइन फ्लू की दहशत कम होने लगी थी कि इस बीच एक ब%चे को स्वाइन फ्लू होने की अफवाह ने फिर से दहशत बढ़ा दी है। किरंदुल निवासी एक सात साल के छात्र को स्वाइन फ्लू की आशंका पर रायपुर रेफर किया गया है। ये बच्चा जिस स्कूल में पढ़ता है उस स्कूल में शनिवार 19 अगस्त तक कक्षाएं स्थगित कर दी हैं। इसकी पुष्टि संबंधित संस्था के प्राचार्य ने की है।